महत्वपूर्ण एवं खास

दुधमुंहे बच्चे सहित मां को हाथी ने दी मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिले के धरमजयगढ़ वन मण्डल में कापू वन परिक्षेत्र के विजयनगर में बीती रात तक़रीबन 15 जंगली हाथियों ने धावा बोला और गांव के मकानों को छतिग्रस्त कर दिया। इसी बीच मृतका विमला बाई के भी घर को हाथियों ने तोड़ डाला और अपनी जान बचाकर अपने 3 माह के बच्चे को लेकर भाग रही विमला बाई को हाथी ने दौड़ाकर सूंड से उठाकर पटक दिया। जिससे महिला और बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वन परिक्षेत्र कापू की टीम द्वारा मौके पर पहुचकर तात्कालिक सहायता राशि परिजनों को दिया गया।

छाल पुलिस ने टुल्लू पम्प चोर को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम पूरूंगा थाना छाल निवासी घासीराम मझवार उम्र 62 साल अपने घर के बाडी, कुआ में पानी सिचाई करने के लिए एक वर्ष पूर्व से 1/2 एचपी का टेक्समो कंपनी का टुल्लू पम्प लगया था जिसे दिनांक 16.07.19 के 10.30 बजे रात कोई अज्ञात चोर पम्प का तार काट कर टुल्लू पम्प को कोई चोरी कर ले गया । दूसरे दिन सुबह दिनांक 17.07.19 को घासीराम मझवार गांव में पता तलाश किया तो पता चला कि गांव का राधेलाल साहू आ. छबिलाल साहू उम्र 55 वर्ष टुल्लू पम्प चोरी कर रात में लाया है। चोरी की रिपोर्ट घासीराम द्वारा थाना छाल में दर्ज कराने पर आरोपी राधेलाल साहू के विरूद्ध अप.क्र. 115/19 धारा 379 भादंवि दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मोबाईल के कारण 14 साल के नाबालिग की हत्या,आरोपी पूलिस गिरफ्त में

न्याय साक्षी/रायगढ़। मोबाईल के कारण 14 साल के बच्चे के उपर कुल्हाड़ी से हमला कर जान लेने वाले आरोपी को जशपुर जिले की सन्ना पूलिस ने आखिरकार धर दबोचा है । मामला सन्ना थाना अंतर्गत ग्राम

ट्रक ड्रायवर से मोबाईल व रूपये की लूट करने वाले तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में

न्याय साक्षी/रायगढ़। ग्राम गुरदा थाना खरसिया में रहने वाला नूतन कुमार साहू नूतन कुमार साहू पिता स्व. मापालाल साहू उम्र 32 वर्ष, थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत सावित्री वेंचर प्रोजेक्ट प्रायवेट लिमिटेड खैरपुर के यहां हाईवा क्र0 जेएच 09एल 5576 को चलता है। दिनांक 16/07/2019 के रात्रि करीबन 11:15 बजे नूतन कुमार साहू जिंदल कम्पनी के ब्लास्ट फर्नीस- 02 से ग्राउण्ड स्लेग हाईवा क्र0 जेएच 09 एल 5576 में लोड कर जिंदल सिमेन्ट फैक्ट्री ले जाकर खाली कर वापस जिंदल कम्पनी के ब्लास्ट फर्नीस - 02 आ रहा था कि ग्राम कोसमपाली के ओव्हर ब्रिज के पहले ब्रेकर के पास करीबन रात्रि 12/00 बजे एक मोटर सायकल में तीन युवक आये और ट्रक को रूकवाकर ट्रक के ड्रायवर नूतन कुमार साहू को थप्पड से मारपीट कर उसका सैमसंग जे8 मोबाईल ब्लू व पर्स में रखे गेट पास, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड, एसबीआई एवं इंडियन बैंक का एटीएम कार्ड, पेन कार्ड एवं नगदी रकम 2300 रूपये को लूटकर भाग गये। आरोपियों को भागते हुये ड्रायवर नूतन कुमार साहू उनके मोटर सायकल का नंबर देख लिया और दूसरे दिन थाना कोतरारोड़ में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराया। घटना के संबंध में दिनांक 18.07.19 को थाना कोतरारोड़ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 192/19 धारा 394 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गयि। विवेचना दरम्यान संदेही 1- राजवन भारतीपिता प्रेमनाथ उम्र 20 वर्ष 2- राज सिन्हापिता किशोर कुमार सिन्हा उम्र 21 वर्ष 3- कृष्ण कुमार यदव पिता सिपाही यादव उम्र 19 वर्ष को हिरासत में लिया गया जिन्होने ट्रक ड्रायवर से लूटपाट करना स्वीकार किया है। आरोपीगण से बरामदगी की कार्यवाही कर शीघ्र न्यायाकि अभिरक्षा में भेजा

महिला को डरा-धमकाकर दुष्कर्म, मामला दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोरबा जिले में रहने वाली 22 वर्षीय महिला द्वारा संतोष दास आ0 महेत्तर दास वर्तमान निवास धरमजयगढ़, रायगढ़ के सेमीपाली जंगल में ले जाकर बलपूर्वक बलात संभोग करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीडिता ने बताया कि दिनांक 16.07.19 को गांव का संतोष दास महंत गांव की एक महिला का आधार कार्ड सुधरवाने धरमजयगढ जा रहा था। संतोष को पीडिता के ससुर ने कहा कि हमारी बहु को भी धरमजयगढ ले जाकर आधार कार्ड सुधरवा लाओ। तब पीड़िता संतोष दास व गांव की एक अन्य महिला के साथ उसके मोटर सायकल पर बैठकर धरमजयगढ़ के लिये निकली। रास्ते में उनके साथ आई महिला अपने रिस्तेदार के यहां रूक गई। आधार कार्ड सुधरवाकर वापस आते समय संतोष, पीड़िता को बोला कि अपनी पत्नी से मिलाकर लाता हूं और उसे रायगढ़-सेमीपाली जंगल के सुनसान जगह में ले जाकर डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में आरोपी के विरूद्ध अप.क. 111/19 धारा 376 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अपने सकुनत से फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही

ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत, विश्वास गढ़ चर्च के पास रेलवे ट्रैक की घटना

न्याय साक्षी/रायगढ़। विश्वास गढ़ चर्च के पास रेलवे ट्रैक में दो लोगों की लाश मिली है। दोनों ही लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। आज सुबह जब लोगों ने रेलवे ट्रैक दो लोगों की लाश देखी तो आस पास में सनसनी फैल गई। जिसके बाद मामले की सूचना जीआरपी पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मृतकों की जेब की तलाशी ली तो आधार कार्ड मिला है। जिस पर उनकी शिनाख्त योगेश बंजारे उम्र 26 वर्ष निवासी पुसौर और दूसरा बुजुर्ग विजय कुमार टंडन उम्र 44 वर्ष निवासी डभरा जांजगीर चांपा के रूप में की गई। जिसके बाद दोनों के शव को पीएम के जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं मृतकों के परिजनों से संपर्क की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक योगेश बंजारे बिग बाजार में काम करता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा का शपथग्रहण संपन्न

मुख्य अतिथि रामदास अग्रवाल व शपथ अधिकारी डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रेटरी उपस्थित रहे

न्याय साक्षी/रायगढ़। दिव्य ऊर्जा क्लब का शपथ समारोह होटल ट्रिनिटी ग्रैंड में 12.07 को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्री रामदास जी, शपथ अधिकारी डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सेक्रिटेरी लायनेस अनीता कपूर जी जो कि इस क्लब की 2018 - 19 की चार्टर अध्यक्ष भी है एवं विशिष्ट अतिथी दिव्य शक्ती अध्यक्ष कविता बेरिवल जी, दिव्य ऊर्जा क्लब की संरक्षक लायनेस प्रो. सी बी वर्मा एवं क्लब ऐडवाइज़र, लायनेस उषा अग्रवाल आमंत्रित थे। लायनेस संगीता अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों व सदस्यों का स्वागत टीका करके किया गया। वजवंदना डा.प्रियंका सक्सेना द्वारा पढ़ी गई। नन्ही प्राची कुलवेदी द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। शपथ अधिकारी लायन/लायनेस अनीता कपूर जी ने सभी लायनेस पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न कराया नवगठित पदाधिकारियों अध्यक्ष - लायनेस मीरा पासवान, सचिव-लायनेस सुमिता पांडे , कोषाध्यक्ष- लायनेस अंजू बंसल एवं पूरी टीम ने शपथ ली। निवर्तमान अध्यक्ष अनीता कपूर द्वारा अपने कार्यकाल में सर्वश्रेष्ट कार्यों हेतु सभी को सम्मानित किया तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी ने प्रथम गतिविधी के रूप में 15 सम्मानीय डॉक्टर्स का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं वृक्षारोपण हेतु तुलसी के पौधे भेंट देकर किये। लायनेस अरुणा साहू द्वारा धार्मिक भजन संग्रह की पुस्तक

पुसौर के बासनपाली में 4 तथा जुटमिल में 5 जुआरी जुआ खेलते पकड़ाये, जुआरियों से कुल 6640 रुपये जप्त

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना पुसौर स्टाफ द्वारा दिनांक 17.07.19 को मुखबीर द्वारा सूचना पर ग्राम बासनपाली में 52 तास पत्ती तास से जुआ खेल रहे (1) विनय पटेल आ. धनीराम पटेल उम्र 35 वर्ष, (2) सरोज निषाद आ. श्याम लाल निषाद उम्र 30 वर्ष, (3) बाबुलाल साव आ. समारू राम साव उम्र 34 वर्ष, (4) सुरेन्द्र कुमार पटले आ. पोकराम पटेल उम्र 45 वर्ष को पकडे। आरोपियों के फड एवं पास से जुमला रकम 2640 रूपये , बोरा तथा 52 तास के पत्ते जप्त किया गया है।

जुटमिल पुलिस चौकी में पदस्थ उपनिरीक्षक झामलाल मार्को व हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 17.07.19 के शाम, जुटमिल आर.आर.एनर्जी के सामने जुआडियान 1 मोहम्मद वसीम पिता मो0 बरकत उम्र 39 वर्ष सा0 बीडपारा रायगढ 2. सचिन अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल उम्र 43 वर्ष सा0 गांधीनगर रायगढ, 3. मो0 शहजादा पिता स्व0 खादीम उम्र 33 वर्ष सा0 राजापारा तालाब रायगढ 4. अहमद पिता हुसन उम्र 50 वर्ष सा0 डीपापारा रायगढ 5. मानस कर्मकार पिता स्व0 सपन उम्र 35 वर्ष सा0 कबीर चौक रायगढ को 52 पत्ती तास से जुआ खेलते पकडे, जिनके पास से 4000 रूपये जप्त किया गया है। जुआरियों के विरूद्ध थाना पुसौर व कोतवाली (चौकी जुटमिल) में 13 जुआ

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
ADMISSION OPEN
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

Join CAREER...

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480